बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-472
22/12/2019

मुख्यमंत्री ने एकमा में जल–जीवन–हरियाली यात्रा के क्रम में चौर क्षेत्र के किसानों द्वारा किये जा रहे मत्स्य पालन का किया अवलोकन

पटना, 22 दिसम्बर 2019 :– जल–जीवन–हरियाली यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज सारण जिले के एकमा प्रखंड स्थित परसा पूर्वी पंचायत पहुँचे। यहाँ उन्होंने छपियां चौर में जल–जीवन–हरियाली अभियान के अंतर्गत मत्स्य पालन योजना से संबंधित तालाबों का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने ब्रेडा द्वारा निर्मित सोलर पम्प, रुफ टॉप सोलर पैनल, गौपालन, बकरी पालन समेत अन्य योजनाओं का निरीक्षण करने के साथ ही कृषि विभाग, जीविका, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा, डी0आर0सी0सी0 एवं परिवहन विभाग द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के लाभुकों को ऋण एवं अनुदान की राशि का वितरण किया।

मुख्यमंत्री द्वारा जीविका के तीन संकुल स्तरीय ग्राम संगठन को आठ–आठ लाख रूपये की अनुदान राशि का चेक, जीविका समूहों को रोजगार हेतु विभिन्न बैंको से 63.13 करोड़ रूपये का बैंक चेक प्रदान किया गया। इसके साथ ही सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत पाँच चिन्हित लाभुकों को रोजगार प्रारंभ करने हेतु रोजगार किट, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तीन लाभुकों को एक–एक लाख रूपये के अनुदान पर ऑटो रिक्शा, मुख्यमंत्री मत्स्य विकास परियोजना अंतर्गत अति पिछड़ा वर्ग के तीन मछुआरों को 90 प्रतिशत अनुदान पर तीन फोर व्हीलर, तीन थ्री व्हीलर तथा सात मोपेड आईस बॉक्स वाहनों का भी वितरण किया गया। मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना के तहत दो लोगों को 2.5 लाख रूपये का चेक तथा जिला उद्योग केन्द्र द्वारा संचालित पी0एम0ई0जी0पी0 के तहत एक करोड़ रुपये का चेक ऋण के तौर मे0 गुप्ता फूड प्रोडक्ट्स को दिया गया।

इस अवसर पर सांसद श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधायक श्री मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह, पूर्व मंत्री श्री गौतम सिंह, पूर्व विधायक श्री मंटू सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष श्री अल्ताफ आलम राजू, लोजपा जिला अध्यक्ष श्री दीपक कुमार सिंह, जदयू नेता श्री वीरेन्द्र सिंह, श्री कामेश्वर सिंह, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, सचिव पशु एवं मत्स्य संसाधन श्रीमती एन0 विजया लक्ष्मी, सारण के प्रमण्डलीय आयुक्त श्री आर0एल0 चोंग्थू, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी सारण श्री सुब्रत कुमार सेन, पुलिस अधीक्षक सारण श्री हरिकिशोर राय सहित जिला प्रशासन के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******